मेरे हिसाब से इस स्थान को भरने का एकमात्र दावेदार नाथन मैकस्वीनी है, जो क्वींसलैंड में जन्मे हैं और अब दक्षिण ऑस्ट्रेलिया के लिए खेल रहे हैं। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया ए की तरफ से भी अच्छा प्रदर्शन किया है। - **रिकी पोंटिंग**

**ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर रिकी पोंटिंग, नाथन मैकस्वीनी की वकालत करते हुए।**

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी**

**रोहित राजपाल**

**भारत** के गैर खिलाड़ी डेविस कप कप्तान रोहित राजपाल ने शनिवार को स्पष्ट किया कि उन्होंने 'शट अप' उन्हें एजेंडे के तहत लगातार निशाना बना रहे कुछ लोगों के लिये कहा था , देश के टेनिस समुदाय के लिये नहीं जैसा कि पेश किया जा रहा है। राजपाल ने पीटीआई को दिये इंटरव्यू में कहा कि डेविस कप कप्तान के रूप में उनकी योग्यता पर सवाल उठाने वाले लोगों को रिसर्च करना चाहिये और वह उन लोगों में से नहीं है जो खिलाड़ियों के नहीं चाहने पर पद पर बने रहेंगे।

**क्या आप जानते हैं ?...** मैक्सिको में 1970 में हुए विश्व कप फुटबॉल में पहली बार लाल व पीले कार्ड का उपयोग शुरू किया गया, पर इस विश्वकप में एक भी खिलाड़ी को लाल कार्ड नहीं दिखाया गया।

## पैराग्लाइडिंग करते समय गिरने से विदेशी पायलट की मौत

शिमला, 2 नवम्बर। हिमाचल प्रदेश की पर्यटन नगरी मनाली के प्रमुख पर्यटन स्थल मढ़ी में पैराग्लाइडिंग करते हुए गिरने से विदेशी महिला की मौत हो गई है। देर से प्राप्त रिपोर्ट के मुताबिक यह हादसा गत बुधवार को पेश आया। पुलिस ने मामला दर्जकर छानबीन शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार चेक गणराज्य की नागरिक मिसुर्सवा डिटा केसका मढ़ी में पैराग्लाडिंग कर रही थीं। मिसुर्सवा खुद ही पैराग्लाइडर को उड़ा रही थीं। अचानक उसका ग्लाइडर क्रेश हो गया। चोट लगने के कारण महिला को मिशन अस्पताल में लाया गया, जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मनाली के पुलिस उपाधीक्षक केडी शर्मा ने शुक्रवार को बताया कि पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक महिला के परिजनों को दूतावास के माध्यम से सूचना भेजी गई है। हादसे की वजह का पता नहीं चल पाया है। वहीं, कुल्लू जिला मुख्यालय के साथ लगती लगघाटी के भुट्टी में एक पैराग्लाइडर ने आपात लैंडिंग की है। विदेशी पायलट ने मनाली से उड़ान भरी थी, लेकिन मौसम अनुकूल न होने के चलते उसे आपात लैंडिंग ही करनी पड़ी। गनीमत यह रही कि इस दौरान कोई हादसा पेश नहीं आया। आपात लैंडिंग करने वाला पायलट रूस का नागरिक है। इसका एक सोशल मीडिया भी वीडियो वायरल हो रहा है।

## अफगानिस्तान के खिलाफ वनडे सीरीज में शाकिब, लिटन बांग्लादेश टीम से बाहर

ढाका, 2 नवम्बर। अफगानिस्तान के खिलाफ आगामी तीन मैचों की वनडे सीरीज के लिये बांग्लादेश की टीम में शाकिब अल हसन और लिटन दास को जगह नहीं मिली है। नजमुल हुसैन शान्तो 15 सदस्यीय टीम की कप्तानी करते रहेंगे, जबकि मेहदी हसन मिराज उप कप्तान होंगे।दिलचस्प बात यह है कि अनुभवी ऑलराउंडर शाकिब अल हसन के स्वेच्छा से श्रृंखला से हटने के बाद उनके नाम पर विचार नहीं किया गया है। इसके अलावा सूची से एक और बड़ा नाम लिटन दास का नहीं है। लिटन बुखार से उबर रहे हैं। इसके अलावा कंधे की चोट से जूझ रहे दाएं हाथ के तेज गेंदबाज हसन महमूद को टीम में शामिल नहीं किया गया है।अनामुल हक और तैजुल इस्लाम को भी टीम में जगह नहीं मिली है। बांग्लादेश ने 22 वर्षीय अनकैप्ड पेसर नाहिद राणा को शामिल किया है, जिन्होंने अब तक पांच टेस्ट खेले हैं। सलामी बल्लेबाज जाकिर हसन और बाएं हाथ के स्पिनर नसुम अहमद को भी वापस बुला लिया है। जाकिर, जिन्होंने पिछले साल सितंबर में अपना वनडे डेब्यू किया था, ने प्रारूप में सिर्फ एक मैच खेला है और नसुम ने आखिरी बार नवंबर 2023 में एकदिवसीय मैच खेला था।

## ईस्ट बंगाल ने नेजमेह को हराकर क्वार्टरफाइनल में बनाई जगह

थिम्पू, 2 नवम्बर। भारत की ईस्ट बंगाल एफसी ने शुक्रवार को अपने अंतिम ठाुप ए मैच में लेबनान की नेजमेह एससी को 3-2 से हराकर एएफसी चैलेंज लीग 2024-25 के क्वार्टरफाइनल में जगह बना ली है। भूटान के थिम्पू के चांगलीमथांग स्टेडियम में खेले गये मुकाबले में ईस्ट बंगाल को गोल बाबा मुसाह के (आठवें मिनट में) किये गये आत्मघाती गोल से बढ़त मिली। उसके बाद दिमित्रियोस डायमंताकोस ने (15वें मिनट) में गोल कर भारतीय फुटबॉल क्लब की बढ़त दोगुना कर दी। नेजमेह एससी ने कोलिन्स ओपारे के (18वें मिनट) और हुसैन मोनथर के (42वें मिनट) में किये गये गोलों के जरिए वापसी की, लेकिन डायमंताकोस की (77वें मिनट) में पेनल्टी किक ने ईस्ट बंगाल के लिए जीत सुनिश्चित कर दी। इस जीत ने ईबीएफसी को मार्च में होने वाले एएफसी चैलेंज लीग के क्वार्टरफाइनल में सीधे प्रवेश दिलाया। उल्लेखनीय है कि भारतीय क्लब ने अपने पहले मैच में पारो एफसी के साथ 2-2 से ड्रा खेला और फिर अपने पिछले मैच में बशुंधरा किंग्स को 4-0 से हराया।

## यू मुंबा ने रोमांचक मैच में जयपुर पिंक पैंथर्स को दो अंक से हराया

हैदराबाद, 2 नवम्बर। अजित चव्हाण (14 अंक) के दम पर यू मुंबा ने प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) के 11वें सीजन में अपनी दूसरी जीत दर्ज कर ली है। मुंबा ने गुरुवार को गाचीबोवली के जीएमसीबी इंडोर स्टेडियम में सीजन के 28वें मैच में जयपुर पिंक पैंथर्श को 39-37 से हरा दिया। यू मुंबा के लिए अजित चव्हाण ने सबसे ज्यादा 14 अंक लिए जबकि आमिरमोहम्मद जफरदानिश ने चार अंक चुराए। वहीं, जयपुर पिंक पैंथर्स के लिए नीरज नरवाल (12 अंक) ने सुपर-10 लगाया जबकि कप्तान अर्जुन देशवाल और अंकुश राठी ने चार-चार अंक लिए। यू मुंबा की चार मैचों में यह दूसरी जीत है। टीम के अब 13 अंक हो गए हैं। वहीं, पूर्व चैंपियन जयपुर पिंक पैंथर्स को पांच मैचों में दूसरी हार का सामना करना पड़ा है। दोनों टीमें अपना पिछला मैच टाई खेलकर इस मुकाबले में जीत के लिए उतरी। सधी शुरुआत के बाद दोनों ने पहले कुछ मिनटों तक अपनी रणनीतियों को अमल में लाना शुरू कर दिया। लेकिन यू मुंबा आज एक अलग प्लान के साथ उतरी और वो अजित चव्हाण को लगातार रेडिंग में भेज रही थी। अजित आज शानदार फॉर्म में थे और इसी बदौलत पहले पांच मिनट तक यू मुंबा एक प्वॉइंट से आगे थी और उसका स्कोर 4-3 का था। जयपुर पिंक पैंथर्स के लिए कप्तान अर्जुन पहले 10 मिनट में कुछ खास कमाल नहीं दिखा पाए।

# शुभमन गिल ने किया कमाल, शतक से चूके फिर भी बना दिया अनोखा रिकॉर्ड

नई दिल्ली, 2 नवम्बर। शुभमन गिल ने मुंबई टेस्ट में भारत की पहली पारी के दौरान शानदार प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने 90 रन की पारी खेली लेकिन शतक से चूक गए। उन्होंने बावजूद इसके एक खास मुकाम अपने नाम किया है। दरअसल, गिल ने साल 2024 में 800 टेस्ट रन पूरे कर लिए हैं। वे ऐसा करने वाले दुनिया के छठे बल्लेबाज बन गए हैं। भारती और न्यूजीलैंड के बीच टेस्ट सीरीज का तीसरा और आखिरी मैच वानखेड़े स्टेडियम में खेला जा रहा है।

बता दें कि, गिल भारत की पहली पारी के दौरान नंबर तीन पर बल्लेबाजी करने आए। उन्होंने इस दौरान 146 गेंदों का सामना करते हुए 90 रन बनाए। गिल ने 7 चौके और 1 छक्का लगाया। उन्होंने इस पारी की बदौलत इस कैलेंडर ईयर में 800 टेस्ट रन पूरे कर लिए। शुभमन ऐसा करने वाले भारत के दूसरे और दुनिया के छठे बल्लेबाज हैं। इस मामले में यशस्वी जायसवाल ने भी 2024 में 800 से ज्यादा टेस्ट रन बनाए हैं।

फिलहाल, टीम इंडिया ने न्यूजीलैंड को पहली पारी में 235 रनों के स्कोर पर ऑल आउट कर दिया था। वहीं दूसरी पारी में टीम संघर्ष कर रही है। इसके जवाब में भारत ने पहली पारी में 263 रन बनाए। भारत के लिए गिल और पंत ने फिफ्टी जड़ी। पंत ने 60 रनों की पारी खेली।

# 3 साल के अनीश सरकार ने रचा इतिहास

## शतरंज की दुनिया में सबसे कम उम्र में फिडे रेटिंग हासिल करने वाले खिलाड़ी बने

नई दिल्ली, 2 नवम्बर। जिस उम्र में आम बच्चे ठीक से बोल भी नहीं पाते हैं उस उम्र में अनीश सरकार ने शतरंज की दुनिया में इतिहास रच दिया है। दरअसल, 3.5 साल के अनीश ने पहले ही टूर्नामेंट में डेब्यू कर लिया था। लगभग महीने बाद, अनीश ने अपना पहला रैपिड रेटिंग टूर्नामेंट खेला। अनीश भाग्यशाली रहे कि उन्हें सिमुल में भारत के नंबर 1 और दुनिया के नंबर 4 ग्रैंड मास्टर अर्जुन इरिगैसी के खिलाफ खेलने का मौका मिला। अनीश ने एक हफ्ते बाद 2 रेटेड खिलाड़ियों को हराया और उसके अगले सफ्ताह में फिडे में रेटिंग हासिल की। एक नवंबर 2024 को उनकी एलो रेटिंग आधिकारिक हो गई और उनका नाम रिकॉर्ड बुक में दर्ज हो गया।

26 जनवरी 2021 को जन्में अनीश सरकार ने 3 साल 8 महीने 19 दिन की उम्र में अपनी पहली रेटिंग 1555 हासिल की। उनका पहला रेटिंग टूर्नामेंट 1 ऑल बंगाल रैपिड रेटिंग ओपन 2024 था। उन्होंने वहां 5/11 का प्रभावशाली स्कोर बनाया। इसके बाद उत्तरी कोलकाता में रहने वाले अनीश महज 3 साल 8 महीने और 19 दिन की उम्र में फिडे रेटिंग हासिल करने वाले दुनिया के सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बन गए हैं। अनीश ने भारत के ही तेजस तिवारी के रिकॉर्ड को तोड़ दिया। तेजस तिवारी ने 5 साल से कम उम्र में ये उपलब्धि हासिल की थी।

अनीश ने अक्टूबर में पश्चिम बंगाल राज्य अंडर-9 ओपन प्रतियोगिता से प्रतिस्पर्धा शतरंज में डेब्यू किया। इस युवा खिलाड़ी ने अपनी पहली प्रतियोगिता में ही प्रभावशाली प्रदर्शन करते हुए संभावित 8 में से 5.5 अंक हासिल किए। इस बीच उन्होंने दो रेटेड खिलाड़ियों अरव चटर्जी और अहिलान बैश्य को हराया। वह कुल मिलाकर 24वें स्थान पर रहे।

इस बीच, उन्हें ग्रैंडमास्टर अर्जुन इरिगैसी के खिलाफ खेलने का भी मौका मिला। अनीश सरकार को इसके बाद पश्चिम बंगाल राज्य अंडर-13 ओपन में खेलने का मौका मिला। उस टूर्नामेंट में उन्होंने पांच रेटेड खिलाड़ियों का सामना करने की अर्हता पूरी की। इस तरह से उन्हें फिडे रेटिंग में 1555 की प्रारंभिक रेटिंग मिली।

## पंजाब किंग्स ने महज दो खिलाड़ियों को किया रिटेन, अर्शदीप और शिखर को दिखाया बाहर का रास्ता

नई दिल्ली, 2 नवम्बर। आईपीएल के 18वें सीजन से पहले सभी फ्रैंचाइजी ने रिटेंसन लिस्ट से पर्दा उठा दिया है। जिसमें सभी टीमों ने आज यानी 31 अक्टूबर की डेडलाइन के मुताबिक अपनी-अपनी रिटेंशन लिस्ट बीसीसीआई को सौंप दी है। इसमें पंजाब किंग्स ने महज 2 खिलाड़ी रिटेन किए हैं। पंजाब कि फ्रेंचाइजी ने युवा प्रतिभाशाली खिलाड़ी शशांक सिंह और प्रभसिमरन सिंह को टीम में रोका है। आईपीएल इतिहास के 17 सालों में एक बार भी खिताब ना जीत पाने वाली पंजाब किंग्स एक बार फिर से अपनी टीम में बदलाव कर रही है। उन्होंने बड़े नामों को किनारे कर पिछले साल बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले शशांक सिंह और पंजाब के लोकल बॉय विकेटकीपर बल्लेबाज प्रभसिमरन सिंह को रिटेन किया है। पंजाब ने इन दोनों ही युवा खिलाड़ियों को करोड़ रुपये में रिटने किया है। जहां शशांक सिंह को 5.5 करोड़ तो प्रभसिमरन सिंह को 4 करोड़ रुपये में रिटेन किया। वहीं अब उनके पर्स में 110.5 करोड़ की भारी रकम बची है। वो अब अगले महीने संभावित दिख रहे मेगा ऑक्शन में एक बड़े पर्स वैल्यू के साथ नीलामी में उतरेगी।वहीं पंजाब ने अर्शदीप सिंह जैसे बड़े तेज गेंदबाज को अपने साथ नहीं लिया। अर्शदीप सिंह को रिटन प्लेयर की लिस्ट में माना जा रहा था। वहीं सैम कर्रन को भी पंजाब ने दूर कर दिया तो कगिसो रबाडा और जितेश शर्मा जैसे स्टार खिलाड़ियों को भी छोड़ने का फैसला किया।

## रविचंद्रन अश्विन की शानदार गेंदबाजी, ग्लेन-यंग को अश्विन ने दिया अनोखे तरीके से चकमा

नई दिल्ली, 2 नवम्बर। भारत ने न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट मैच के दूसरे दिन एक बार फिर वापसी की। दूसरी पारी में जडेजा और अश्विन की गेंदबाजी के सामने कीवी बल्लेबाज फेल रहे। भारत ने पहली पारी में 28 रन की बढ़त हासिल करने के बाद न्यूजीलैंड के अंतिम टेस्ट मैच के दूसरे दिन 9 विकेट झटक लिए हैं। न्यूजीलैंड के बल्लेबाज ग्लेन फिलिप्स दूसरी पारी में ताबड़तोड़ बल्लेबाज करते हुए नजर आए और भारत के लिए खतरा बन गए थे। हालांकि, अश्विन ने उन्हें ज्यादा देर तक क्रीज पर टिकने नहीं दिया। न्यूजीलैंड की पारी के 33वें ओवर की पहली और तीसरे गेंद पर अश्विन के खिलाफ ग्लेन ने दमदार छक्के जड़े। हालांकि चौथी गेंद पर ग्लेन फिलिप्स चकमा खा गए। अश्विन ने कैरम बॉल करके उनको चारों खाने चित कर दिया। ग्लेन क्लीन बोल्ड होने के बाद कुछ देर तक क्रीज पर रहे पिच को निहारते रहे। ग्लेन फिलिप्स ने 14 गेंद में 26 गेंद में 26 रन बनाए। उन्होंने अपनी पारी में एक चौका और तीन छक्के लगाए । इसके बाद

अश्विन ने विल यंग को भी अपने कैरम बॉल में फंसाया। विल यंग अर्धशतक बनाकर खेल रहे थे। 39वें ओवर की आखिरी गेंद पर वह कॉट एंड बोल्ड हुए। विल यंग ने 100 गेंद में 51 रन बनाए। अपनी पारी में उन्होंने दो चौके और एक छक्का लगाया। दूसरी पारी में भारत के लिए अश्विन ने तीन और जडेजा ने 4 विकेट अपने नाम किए।

## पटना पाइरेट्स ने दबंग दिल्ली केसी को 14 अंक से हराया

हैदराबाद, 2 नवम्बर। तीन बार के चैंपियन पटना पाइरेट्स ने गाचीबोवली के जीएमसीबी इंडोर स्टेडियम में गुरुवार खेले गए प्रो कबड्डी लीग के 11वें सीजन के 27वें मैच में दबंग दिल्ली केसी को 44-30 के स्कोर से हरा दिया। चार मैचों में पटना की यह दूसरी जीत है जबकि दिल्ली को छह मैचों में चौथी हार मिली है। आज यहां खेले गये मुकाबले में पटना की जीत में अयान (12) और दंवाक (12) की अहम भूमिका रही। इसके अलावा डिफेंस में शुभम शिंदे (3) और आलराउंडर अंकित (3) ने अच्छा योगदान दिया। दिल्ली के लिए आशू मलिक (10) और विनय (10) ने सराहनीय खेल दिखाया लेकिन डिफेंस की नाकामी ने उनके प्रयासों पर पानी फेर दिया।

# कोहली ने 2027 तक आरसीबी के साथ 20 साल पूरे करने के संकेत दिए



नई दिल्ली, 2 नवम्बर। विराट कोहली को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने 21 करोड़ रुपये की फीस पर रिटेन किया है और भारत के स्टार क्रिकेटर ने संकेत दिए कि वह 2027 तक प्रतिस्पर्धी क्रिकेट खेलना जारी रखना चाहेंगे जिसमें उनका लक्ष्य आरसीबी के साथ 20 साल पूरे करना है।

कोहली के शीर्ष स्तर पर क्रिकेट खेलने के समय को लेकर काफी अटकलें लगाई जा रही हैं क्योंकि यह 36 वर्षीय खिलाड़ी कोविड-19 की शुरुआत के बाद से पिछले चार वर्षों से ज्यादा धमाल नहीं कर पाया है। वह 2008 में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की शुरुआत से ही आरसीबी के लिए खेल रहे हैं और प्रतियोगिता में सर्वाधिक रन जुटाने वाले खिलाड़ियों में शुमार रहे हैं।

उन्होंने 131.97 के शानदार स्ट्राइक रेट से 8,000 से अधिक रन बनाए हैं जिसमें आठ शतक और 55 अर्द्धशतक शामिल हैं। कोहली ने 'आरसीबी बोल्ड डायरीज' में संकेत दिया कि उनका लक्ष्य 2027 तक कम से कम तीन साल और खेलना है। उन्होंने इसमें कहा, "इस चक्र के अंत में मुझे आरसीबी के लिए खेलते हुए 20 साल हो जायेंगे और यह मेरे लिए बहुत ही खास अहसास है।"

उन्होंने कहा, "मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं एक टीम के लिए इतने साल तक खेलूंगा, लेकिन इतने वर्षों में रिश्ता सही में बहुत विशेष हो गया है।" उन्होंने फिर कहा कि वह खुद को किसी अन्य फ्रेंचाइजी के लिए खेलते हुए नहीं देखते। उन्होंने कहा, "मैं आरसीबी के अलावा कहीं और खुद को खेलते हुए नहीं देखता। मैं बहुत खुश हूं कि ऐसा हुआ। मैं बहुत उत्साहित हूं कि मुझे इस नीलामी में एक नयी टीम बनाने का मौका मिला। हम फ्रेंचाइजी और टीम के तौर पर इसके लिए उत्साहित हैं।"

कोहली ने साथ ही फ्रेंचाइजी और इसके प्रशंसकों से करीबी रिश्ते की बात की और कहा कि उनका लक्ष्य टीम को खिताब दिलाना होगा। उन्होंने कहा, "हर कोई जानता है कि आरसीबी मेरे लिए कितनी अहमियत रखती है। इतने वर्षों का यह विशेष रिश्ता लगातार मजबूत होता जा रहा है। मुझे उम्मीद है कि प्रशंसक और फ्रेंचाइजी से जुड़े सभी लोग भी ऐसा ही महसूस करेंगे।"

कोहली ने कहा, "मैं भी इस चक्र का बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं। और निश्चित रूप से लक्ष्य अगले चक्र में कम से कम एक बार आईपीएल खिताब जीतना है।" उन्होंने वादा किया कि आरसीबी आईपीएल खिताब जीतने के लिए कोई कोर कसर नहीं छोड़ेगी। कोहली ने कहा, "हम हमेशा की तरह अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास करेंगे और सभी को गर्व महसूस कराने की कोशिश करेंगे। प्रशंसकों के समर्थन के लिए बहुत बहुत धन्यवाद। मैं आभारी हूं।"

वहीं आरसीबी के कोहली को रिटेन करने के बाद फ्रेंचाइजी के मुख्य कोच एंडी फ्लावर ने स्वीकार किया कि उन्हें टीम में बरकरार रखना हैरानी भरा नहीं है क्योंकि वह आगामी वर्षों ममें आरसीबी की सफलता के लिए अहम होंगे। फ्लावर ने 'जियोसिनेमा' से कहा, "भारत में विराट को रिटेन करना किसी के लिए भी हैरानी भरा नहीं होगा। वह भविष्य में आरसीबी की सफलता के लिए अहम हैं और अहम रहेंगे। पिछले साल उनका प्रदर्शन शानदार रहा था। उन्होंने हमें प्लेऑफ में पहुंचाया।"

## आरपीसी और कानोता पोलो के बीच आरपीसी पोलो कप टूर्नामेंट का फाइनल

### कानोता पोलो एडवांटेज अंक से जीती

जयपुर, 2 नवंबर। कानोता पोलो खिलाड़ी प्रताप सिंह कानोता ने दूसरे और तीसरे चक्कर में तीन गोल दागते हुए अपनी टीम को 2 गोल के आरपीसी कप पोलो टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचा दिया। शनिवार को आरपीसी मैदान पर कानोता पोलो ने कृष्णा पोलो को रोमांचक मुकाबले में 6.5-6 गोल से हराया।

आज सुबह 11 बजे खेले गए मैच में कानोता पोलो बनाम कृष्णा पोलो के मध्य खेला गया जिसमें कानोता पोलो ने 6.5-6 से कृष्णा पोलो को हराया। कानोता पोलो की ओर से केवल प्रताप सिंह ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए तीन गोल किये, साथ ही विजेता टीम के लिए मयूरध्वज सिंह ओर अनिरुद्ध ने एक-एक गोल किया जबकि कानोता पोलो को 1/2 का एडवांटेज मिला हुआ था।

कृष्णा पोलो टीम के लिए ऐलन माइकल ने अपनी टीम को जीताने के लिए 3 गोल भी किये उम्दा खेल प्रदर्शन करए हुए विरोधी टीम पर कई अटैक भी किये लेकिन उन अटैक्स को ऐलन गोल में नही बदल पाए ओर कानोता टीम को मिले 1/2 गोल के एडवांटेज से कृष्णा पोलो हार गई। टीम के साथी खिलाड़ी अश्वनी शर्मा, शुभम गुप्ता ओर रणशेय ने एक-एक गोल किये। आज के मैच के एंपायर ज़ीशान अली मर्चेन्ट और आर्यन सिंह, रेफ्री लांस वाट्सन थे।

## कूच बिहार ट्रॉफी राजस्थान अंडर 19 टीम घोषित

जयपुर 2 नवम्बर। बीसीसीआई द्वारा आगामी 6 नवम्बर से खेली जाने वाली राष्ट्रीय अंडर 19 कूच बिहार ट्रॉफी ( मल्टी डेज ) में भाग लेने वाली राजस्थान अंडर टीम का चयन राजस्थान जूनियर चयन समिति ने किया। राजस्थान जूनियर चयन समिति से राजस्थान अंडर 19 टीम का चयन कूच बिहार ट्रॉफी के पहले दो मैचों के लिए किया है , राजस्थान का पहला मैच दिनांक 6 से 9 नबम्बर 2024 को झारखण्ड से व दूसरा मैच दिनांक 13 से 16 नवम्बर को महाराष्ट्र के विरुद खेला जायेगा। राजस्थान अंडर 19 कूच बिहार ट्रॉफी टीम :-

कार्तिक शर्मा, तोषित भाटिया, पार्थ यादव, सचिन शर्मा, मो अनस, मोहत भगतानी, नावेद खान, तनय थवानी, आकाश मुंडेल, यश यादव, जतिन सैनी, आभास श्रीमाली, ध्रुव सेठी, निर्मल बिश्नोई, गुलाब सिंह, चंद्रपाल।

## वर्षा बाधित मुकाबले में वेस्टइंडीज ने इंग्लैंड को आठ विकेट से हराया

नॉर्थ साउंड 2 नवंबर। वर्षा प्रभवित मैच में गुडाकेश मोती (चार विकेट) के बाद एविन लुईस (94) की तूफानी बल्लेबाजी के दम पर वेस्टइंडीज ने डकवर्थ लुईस पद्धित के आधार पर इंग्लैंड को पहले एकदिवसीय मुकाबले में आठ विकेट से जीत दर्ज की। इसी के साथ वेस्टइंडीज ने सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली हैं। गुडाकेश मोती को उनकी शानदार गेंदबाजी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच से नवाजा गया। इंग्लैंड के 209 रनों के जवाब में वेस्टइंडीज की ब्रैंडन किंग और एविन लुईस की सलामी जोडी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट लिये 118 रन जोडे। 20वें ओवर में लियाम लिविंगस्टोन ने ब्रैंडन किंग (30) को आउटकर इंग्लैंड को पहली सफलता दिलाई। 23वें ओवर में शतक की ओर बढ रहे एविन लुईस को आदिल रशीद ने आउटकर वेस्टइंडीज को बड़ा झटका दिया। एविन लुईस ने 69 गेंदों में आठ छक्के और पांच चौके लगाते हुए (94) रनों की पारी खेली। बारिश के कारण खेले रोके जाने के समय कीसी कार्टी (नाबाद


**जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर** www.jda.urban.rajasthan.gov.in

क्रमांक: जविप्रा/ जोन-11/ उपा./2024/ डी-3520 **आम सूचना:** दिनांक: 28.10.2024

निम्नलिखित आवेदक द्वारा नाम प्रतिस्थापन हेतु/ सीजडीड हेतु ऑनलाईन आवेदन प्रस्तुत किये गये हैं, जिनका विवरण निम्नानुसार है:-

| क्र. सं. | आवेदक का नाम | मूल आवंटी का नाम | भूखण्ड संख्या | भूखण्ड का क्षेत्रफल | ग.नि.स.स./निजी खातेदारी योजना /जविप्रा योजना | योजना का नाम | सेवा, जिसके लिये आवेदन किया गया | कार्यवाही हेतु प्रस्तुत दस्तावेज |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | श्री लोकेन्द्र सिंह कविया पुत्र श्री पीराग दान | मैसर्स सिटी वण्डर डवलपर्स जरिये भागीदार श्री ज्ञानचन्द अग्रवाल | 247 | 155.55 | निजी खातेदारी | श्रीनाथ विहार | लीजडीड हेतु | विक्रय पत्र के आधार पर एक से अधिक बार बेचान किये जाने पर |

इस संबंध में किसी व्यक्ति/ संस्था/ हितधारी को कोई आपत्ति हो, तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 07 दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा समय सीमा पश्चात् आवेदक के पक्ष में पट्टा जारी कर दिया जावेगा। समय सीमा पश्चात कोई आपत्ति स्वीकार नहीं होगी। सुचित रहे। उपायुक्त जोन-11, जविप्रा, जयपुर।

**कार्यालय ग्राम पंचायत रामडी पंचायत समिति स.मा. जिला सवाई माधोपुर**

क्रमांक: ग्रा.पं./24-25/43 दिनांक-21.10.2024

**ई-निविदा सूचना संख्या - 02/2024-25**

पंचायत समिति सवाई माधोपुर के अधीन ग्राम पंचायत रामडी में विभिन्न योजना में स्वीकृत कार्यो हेतु निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्युरमेन्ट प्रक्रिया में सक्षम श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों से ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित नियम, शर्ते व सम्बन्धी दस्तावेज लोक उपापन की वेबसाइट www.sppp.rajasthan.gov.in एवं www.eproc.rajasthan.gov.in पर देखे एवं डाउनलोड किये जा सकते है।
NIB NO. PIN2425A0022, UBN NO. PIN2425WSOB00022

योगेन्द्र गोस्वामी- ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत रामडी पं.स. सवाई माधोपुर
शेरसिंह मीना - सरपंच, ग्राम पंचायत रामडी पं.स. सवाई माधोपुर

**कार्यालय ग्राम पंचायत लोखाड़ा पंचायत समिति स.मा. जिला सवाई माधोपुर**

क्रमांक-65 ई-निविदा सूचना संख्या - 02/2024-25 दिनांक-29.10.2024

पंचायत समिति सवाई माधोपुर के अधीन ग्राम पंचायत लोखाड़ा में विभिन्न योजना में स्वीकृत कार्यो हेतु निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्युरमेन्ट प्रक्रिया में सक्षम श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों से ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित नियम, शर्ते व सम्बन्धी दस्तावेज लोक उपापन की वेबसाइट www.sppp.rajasthan.gov.in एवं www.eproc.rajasthan.gov.in पर देखे एवं डाउनलोड किये जा सकते है।
NIB NO. PIN2425A0023, UBN NO. PIN2425WSOB00023

ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत लोखाडा, ग्राम पंचायत वार्ड माधोपुर
सरपंच, ग्राम पंचायत लोखाडा, पं.स. सवाई माधोपुर

**कार्यालय ग्राम पंचायत कुण्डेरा पंचायत समिति स.मा. जिला सवाई माधोपुर**

क्रमांक-1109 ई-निविदा सूचना संख्या - 02/2024-25 दिनांक-28.10.2024

पंचायत समिति सवाई माधोपुर के अधीन ग्राम पंचायत कुण्डेरा में विभिन्न योजना में स्वीकृत कार्यो हेतु निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्युरमेन्ट प्रक्रिया में सक्षम श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों से ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित नियम, शर्ते व सम्बन्धी दस्तावेज लोक उपापन की वेबसाइट www.sppp.rajasthan.gov.in एवं www.eproc.rajasthan.gov.in पर देखे एवं डाउनलोड किये जा सकते है।
NIB NO. ZSM2425A0457, UBN NO. ZSM2425WSOB00607

ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत कुण्डेरा, ठााम पंचायत सवाई माधोपुर
सरपंच, ग्राम पंचायत कुण्डेरा, पं.स. सवाई माधोपुर

**कार्यालय नगर पालिका किशनगढबास ( खैरथल-तिजारा ) राज.**

क्रमांक/न.पा.कि.बास/2024/4138 दिनांक-29.10.2024

**आपत्ति सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि वर्ष 2024-25 में स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) के समस्त वार्डो को ODF++ घोषित किया जा रहा है यदि उक्त संबंध में किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन की अन्दर 07 दिवस की समयावधि में नगरपालिका किशनगढबास कार्यालय में लिखित रूप में प्रस्तुत करें बाद में मियाद आपत्ति मान्य नहीं होगी।

सूचित रहे!

अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका किशनगढबास

**कार्यालय नगर पालिका किशनगढबास ( खैरथल-तिजारा ) राज.**

क्रमांक/न.पा.कि.बास/2024/4137 दिनांक-29.10.2024

**आम सूचना**

नगर पालिका किशनगढ़बास (खैरथल-तिजारा) स्वच्छ भारत मिशन 2.0 के अन्तर्गत सरकार की निर्धारित गाईड लाईन के अनुसार ODF+ घोषित है-

1. अगर कोई व्यक्ति खुले में शौच/मूत्र करता हुआ पाया जाता है तो नगरपालिका द्वारा सरकार की निर्धारित गाईड लाईन के अनुसार शास्ती लगाई जायेगी।
2. प्लास्टिक/पॉलिथिन कैरी बैग का उपयोग प्रतिबंधित तथा अपराध है। अत प्लास्टिक की थैलियों का उपयोग, विक्रय व भण्डारण नहीं करें, जूट कागज व कपडे के थैले का उपयोग करें।

अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका किशनगढबास